SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये General Knowledge की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB ALP CBT – 2, RPF Exam और Exam के लिए के General Knowledge के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 25 Questions for General Knowledge

04/04/2019

26. भारत का कौन–सा राज्य रबर का अग्रणी उत्पादक है?

RRB 'ग्रुप डी' 2018

(1) केरल
(2) तेलंगाना
(3) हिमाचल प्रदेश
(4) तमिलनाडु

Answer – 1

27. भारत में कुल कृषि योग्य भूमि का कितना प्रतिशत सिंचित भूमि है?

RRC 'ग्रुप डी' अहमदाबाद 08.12.2013

(1) 84 (2) 73 (3) 35 (4) 12

Answer – 3

28. पृथ्वी की त्रिज्या ..... है।

RRB 'ग्रुप डी' 2018

(1) 6.4×10^5 m (2) 6.4×10^6 m

(3) 6.4×10^{-6} m (4) 6.4×10^{-5} m

Answer – 2

29. निम्नलिखित में से भारत के किस संघशासित प्रदेश में, सर्वाधिक प्रति वर्ग किमी जनसंख्या घनत्व है?

RRC 'ग्रुप डी' अहमदाबाद 08.12.2013

(1) पुदुचेरी (2) लक्षद्वीप
(3) दिल्ली (4) चण्डीगढ़

Answer – 3

30. कौन–सा बन्दरगाह शहर, नर्मदा नदी के तट पर बसा है?

RRC 'ग्रुप डी' अहमदाबाद 08.12.2013

(1) काण्डला (2) भेरावल
(3) भरुच (4) इनमें सें कोई नहीं

Answer – 3

31. मुण्डा और सन्थाल जनजातियाँ किस राज्य की निवासी हैं?

RRC 'ग्रुप डी' अहमदाबाद 08.12.2013

(1) आन्ध्र प्रदेश (2) बिहार

(3) मध्य प्रदेश (4) झारखण्ड

Answer – 4

32. किस स्थान पर जमशेदजी टाटा ने, टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी की स्थापना की थी? **RRC 'ग्रुप डी' अहमदाबाद 08.12.2013**

(1) जमशेदपुर (2) मुम्बई

(3) दिल्ली (4) जूनागढ़

Answer – 1

33. भारत का सबसे बड़ा तेलशोधक एवं पेट्रोकेमिकल कॉमप्लैक्स कहाँ स्थित है?

RRC 'ग्रुप डी' अहमदाबाद 08.12.2013

(1) जामनगर, गुजरात (2) बरौनी, बिहार

(3) मथुरा, उत्तर प्रदेश (4) बीना, मध्य प्रदेश

Answer – 1

34. सूर्यग्रहण कब होता है?

RRC 'ग्रुप डी' अहमदाबाद 08.12.2013

(1) जब सूर्य और पृथ्वी के बीच, चन्द्रमा आ जाता है
(2) जब पृथ्वी और चन्द्रमा के बीच सूर्य आ जाता है
(3) जब सूर्य और चन्द्रमा के बीच, पृथ्वी आ जाती है
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

Answer – 1

35. रेडक्लिफ रेखा किन दो देशों के बीच की सीमा रेखा है?

RRC 'ग्रुप डी' अहमदाबाद 08.12.2013

(1) भारत और पाकिस्तान
(2) भारत और चीन
(3) भारत और म्यांमार
(4) भारत और अफगानिस्तान

Answer – 1

36. पश्चिम भारत में थार मरुस्थल के विद्यमान होने का सबसे युक्तिसंगत स्पष्टीकरण क्या हो सकता है?

RRC 'ग्रुप डी' अहमदाबाद 08.12.2013

(1) गंगा की घाटी की ओर बहने वाली वृष्टि करने वाली हवाओं के मार्ग में अरावली की पहाड़ियों द्वारा अवरोध डालना

(2) गर्मी के कारण नमी का वाष्पित हो जाना

(3) राजस्थान के उत्तर दिशा में किसी भी पर्वत के विद्यमान नहीं होने से यहाँ पर्वतीय वर्षा का नहीं होना

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

Answer – 1

37. किस बाँध के निर्माण को लेकर तमिलनाडु और केरल के बीच विवाद है?

RRC 'ग्रुप डी' अहमदाबाद 08.12.2013

(1) मुल्लापेरियार बाँध (2) मेत्तूर बाँध

(3) कृष्णाराज सागर बाँध

(4) भाखड़ा नांगल बाँध

Answer – 1

38. वायु अथवा जल के द्वारा भूमि की ऊपरी सतह का निष्कासन क्या कहलाता है?

RRC 'ग्रुप डी' अहमदाबाद 08.12.2013

(1) मृदा-धावन (2) मृदा-क्षरण
(3) मृदा-विसर्पण (4) मृदा का गाद बनना

Answer – 2

39. निम्नलिखित में से किस जोड़े का सही मिलान किया गया है?

RRC 'ग्रुप डी' अहमदाबाद 08.12.2013

(1) नैवेली–लोहा (2) राउरकेला–एल्युमीनियम
(3) झारिया–कोयला
(4) खेत्री–सोने की खान

Answer – 3

40. सूर्य और पृथ्वी के बीच मध्यमान दूरी ..... के मानदण्ड में मापी जाती है।

RRC 'ग्रुप डी' इलाहाबाद 08.12.2013

(1) प्रकाश वर्ष (2) खगोलीय इकाई

(3) किलोमीटर (4) सौर मास

Answer – 1

41. सौरमण्डल में सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?

RRC 'ग्रुप डी' चेन्नई 08.12.2013

(1) बृहस्पति (2) शनि (3) यूरेनस (4) पृथ्वी

Answer – 1

42. वैज्ञानिकों के विश्वास के अनुसार ब्रह्माण्ड का सृजन इनमें से किसके कारण हुआ था?

RRC 'ग्रुप डी' चेन्नई 08.12.2013

(1) दुर्घटना
(2) भगवान की एक पवित्र योजना
(3) महाविस्फोट (4) अज्ञात

Answer – 3

43. इनमें से किस प्रमुख समुद्री बन्दरगाह से हमारे विदेशी व्यापार के सबसे ज्यादा परिमाण का संचालन होता है?

RRC 'ग्रुप डी' चेन्नई 08.12.2013

(1) मुम्बई (2) कोलकाता
(3) कोच्चि (4) मर्मुगाव

(1) कन्नड़ (2) कोंकण
(3) दक्षिण सरकार (4) मालाबार

Answer – 1

44. मध्य प्रदेश में कितने राष्ट्रीय उद्यान हैं?
RRB 'ग्रुप डी' 2018

1. 10 2. 6 3. 8 4. 4

Answer – 1

45. ब्राजील में विस्तीर्ण कॉफी बागान को .... कहा जाता है। RRC 'ग्रुप डी' चेन्नई 08.12.2013

(1) फेजेण्डास (2) त्रासिल
(3) एस्टेन्सियस (4) कोरल

Answer – 1

46. विविधता ..... है। RRB 'ग्रुप डी' 2018

(1) एक ही प्रजाति के व्यक्तियों के बीच अन्तर
(2) एक ही माता-पिता की सन्तानों के बीच अन्तर
(3) माता-पिता और सन्तानों के बीच अन्तर
(4) उपरोक्त सभी

Answer – 4

47. इनमें से किस राज्य में न्यूनतम वार्षिक बरसात होती है? **RRC 'ग्रुप डी' चेन्नई 08.12.2013**

(1) असोम (2) केरल

(3) मिजोरम (4) राजस्थान

Answer – 4

48. केरल राज्य इनमें से किसकी अनुपस्थिति से सुस्पष्ट नजर आता है?

RRC 'ग्रुप डी' चेन्नई 08.12.2013

(1) कोयला (2) जलमार्ग (3) टिम्बर (4) रबड़

Answer – 1

49. इनमें से कौन–से खनिज से भारत आत्मनिर्भर नहीं है? RRC 'ग्रुप डी' चेन्नई 08.12.2013

(1) ताँबा (2) लौह अयस्क

(3) मैंगनीज (4) अभ्रक

Answer – 1

50. वायुमण्डल की कौन–सी परत रेडियो तरंगों को पृथ्वी की सतह पर वापस परावर्तित करती है? RRC 'ग्रुप डी' चेन्नई 08.12.2013

(1) आयनमण्डल (2) ओजोन परत

(3) समतापमण्डल (4) क्षोभमण्डल

Answer – 1

अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा

1884 ई. में वाशिंगटन में हुई सन्धि के बाद 180° याम्योत्तर के लगभग एक काल्पनिक रेखा निर्धारित की गई। इसे अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा (International Date Line) कहा जाता है।

अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा को पार करके पश्चिम दिशा में पहुँचने पर एक दिन बढ़ जाएगा तथा तिथि रेखा को पार करके पूर्व में पहुँचा जाए तो एक दिन घट जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा आर्कटिक सागर, बेरिंग जलसन्धि व प्रशान्त महासागर से गुजरती है। विश्व को 24 समय जोन में विभाजित किया गया है।

ग्रहण

ग्रहण (Eclipses) का अर्थ किसी खगोलीय पिण्ड के अन्धकारमय हो जाने से है, जो कि किसी अन्य खगोलीय पिण्ड के उस खगोलीय पिण्ड के प्रकाश मार्ग में आने के कारण होता है। ग्रहण दो प्रकार के होते हैं

चन्द्रग्रहण

- जब पृथ्वी, सूर्य और चन्द्रमा के बीच आ जाती है, तो सूर्य की सम्पूर्ण रोशनी चन्द्रमा पर नहीं पड़ती है। इसे **चन्द्रग्रहण** (Lunar Eclipse) कहते हैं।
- जब सूर्य और चन्द्रमा के बीच पृथ्वी होती है तो ऐसी स्थिति को सिजगी (Syzygy) कहते हैं। यह स्थिति केवल पूर्णिमा को बनती है।



चन्द्रग्रहण

सूर्यग्रहण

- जब चन्द्रमा, सूर्य एवं पृथ्वी के बीच होता है, तब सूर्यग्रहण (Solar Eclipse) होता है।
- पूर्ण सूर्यग्रहण केवल **अमावस्या** (New Moon) को होता है।
- पूर्ण सूर्यग्रहण के समय सूर्य का किरीट (Corona) भाग दिखाई देता है।
- चन्द्रमा की कक्षा के झुकाव के कारण प्रत्येक अमावस्या को **सूर्यग्रहण** नहीं होता है।
- **डायमण्ड रिंग** की घटना पूर्ण सूर्यग्रहण के दिन होती है।



सूर्यग्रहण

चट्टानें

बनावट की प्रक्रिया के आधार पर चट्टानों को तीन भागों में विभाजित किया जाता है।

1. **आग्नेय चट्टान** बैसाल्ट, ग्रेनाइट, पेग्मेटाइट, कायनाइट, डायोराइट, इग्नीमुब्राईट, रायोलाइट, ग्रेबो
2. **अवसादी या परतदार चट्टान** बलुआ पत्थर, चूना पत्थर, स्लेट, कांग्लोमरेट, नमक, सेलखड़ी, लोयस, वामूढ़ इत्यादि।
3. **कायान्तरित चट्टान** नीस, सिस्ट, स्लेट, फायलाइट, संगमरमर, सर्पेण्टाइन, एम्फीबोलाइट इत्यादि।

चट्टानों का रूपान्तरण

आग्नेय से कायान्तरित

आग्नेय	कायान्तरित
ग्रेनाइट	नीस
साइनाइट	साइनाइट नीस
ग्रेबो	सरपेंटाइन
बेसाल्ट	सिस्ट
बिटुमिनस	ग्रेफाइट

अवसादी से कायान्तरित

अवसादी	कायान्तरित
सपिण्ड	सपिण्ड सिस्ट
बलुआ पत्थर	क्वाट्जाईट
शेल	स्लेट